हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 दो पक्षों की भिड़ंत में पुलिसकर्मी गंभीर...



09 गरबा नृत्य में धार्मिक, आस्था के बिखरे रंग, भारतीय...



## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज कुरवाई पहुंचेंगे

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज शुक्रवार को कुरवाई में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। सुबह 9 बजे दमोह से कुरवाई के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12.30 बजे कुरवाई पहुंचकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए की जा रहीं व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों की बैठक लेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 2 बजे कुरवाई से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### दुर्गा उत्सव चलसमारोह को लेकर बैठक आज

**विदिशा।** दुर्गा उत्सव 2025 चल समारोह की तैयारियों को लेकर आज शुक्रवार दोपहर 1 बजे परिणय गार्डन में बैठक होगी। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि बैठक में विदिशा के समस्त झांकी अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक में दुर्गा उत्सव चलसमारोह को व्यवस्थित और शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समिति का प्रयास रहेगा कि चल समारोह के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### आईटीआई में प्रवेश लेने के लिए सिर्फ 5 दिन शेष

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में पहले आओ पहले पाओ चरण में सीधे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है। शासकीय आई टी आई विदिशा में फिटर ट्रेड मे 1 सीट (आईएमसी), टर्नर ट्रेड में 07 सीट, कारपेंटर ट्रेड मे 10 सीट ही शेष बची है आईटीआई मे प्रवेश लेने का यह अंतिम मौका है।

### रेड क्रॉस ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान किया



**विदिशा।** गुरुवार को रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हरि वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों का सम्मान किया। साथ ही समिति द्वारा इस वृद्धाश्रम संचालित करने वाले वेद प्रकाश शर्मा और उनकी पत्नी इंदिरा शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

### मैं भी हूं अभिमन्यु अभियान फिर शुरू

**विदिशा।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा मैं हूं अभिमन्यु अभियान को दूसरे साल दोबारा प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के जरिए आम नागरिकों में ऐसी भावना जागृत करने का प्रयास है। जिससे वह अपने सामने मौजूद मातृ शक्ति का सम्मान कर सकें। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। महिलाओं के सामने साथ हो रहे किसी प्रकार के अत्याचार पर सामने आकर उसे रुके और महिला को सुरक्षित करें।

### नपाध्यक्ष ने एनिमेंट स्कूल में शपथ दिलाई



**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मनाया जा रहा है । गुरुवार को नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने एनिमेंट स्कूल में पौधरोपण कर छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर को साफ ओर स्वच्छ रखने की सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि बिना जनभागीदारी के हमारा नगर साफ और स्वच्छ व सुंदर नहीं बन सकता। इसलिए सभी को नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देना जरुरी है।

## शाम होते ही झांकी पंडालों में लग जाती है श्रद्धालुओं की भीड़, 100 से अधिक पंडालों में विराजी मां दुर्गा







विदिशा। झांकियों में महाआरती भजन संध्या और गरबा का आयोजन शुरू हो गया है। शाम होते ही पंडालों में मां दुर्गा के भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है। देर रात तक झांकियों में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। झांकियों में महाआरती का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें

# कड़ी सुरक्षाः पुलिस ने डॉग एस्कॉर्ट व मेटल डिटेक्टर से किया निरीक्षण

***नवरात्रि को लेकर पुलिस सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। शहर में चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। वहीं शहर में लगातार हो रही चोरियों पर लगाम लगाने के लिए भी पुलिस टीमें एक्टिव हो गई हैं।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नवरात्रि और दशहरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। चप्पे चप्पे पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। वहीं शहर में पिछले दिनों में हुई चोरियों के बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। संदिग्ध स्थानों पर भी पुलिस छानबीन कर रही है। गुरुवार को विदिशा पुलिस के डॉग एस्कॉर्ट सहित मेटल डिटेक्टर से निरीक्षण किया गया। वहीं नवरात्रि के चल समारोह को लेकर भी पुलिस रणनीति बना रही है।

त्योहारों में शांति व सुरक्षा हेतु कोतवाली पुलिस की द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी थाना कोतवाली निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने गुरुवार को को नवरात्रि, दशहरा एवं आगामी पर्वों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शहर के प्रमुख स्थलों पर सघन निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन, माधवगंज, तिलक चौक, बड़ा बाजार, जय स्तंभ एवं बस स्टैंड क्षेत्र में डॉग एस्कॉर्ट व मेटल डिटेक्टर टीम द्वारा गहन चेकिंग की गई। त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले स्थानों पर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या आपत्तिजनक सामग्री पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। एसपी रोहित काशवानी ने शहर के लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपत्तिजनक सामग्री दिखने पर तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 पर सूचना दें। जिससे तत्काल कार्रवाई की जा सके।



विदिशा। भीड़भाड़ वाले इलाके और संदिग्ध स्थानों पर भी पुलिस की टीमें कर रही निरीक्षण और जांच पड़ताल।

### स्व रोजगार मेले का आयोजन कुरवाई में

**विदिशा।** जिला स्तरीय रोजगार, स्व रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे से कुरवाई के जनपद पंचायत परिसर में किया गया है। रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में रोजगार हेतु कंपनियों के स्टॉल लगाये जायेंगे एवं शासन की समस्त योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में दस्तावेज जैसे बायोडाटा, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आदि के साथ सम्मिलित होने वाले युवक-युवतियों को योग्यतानुसार कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के बाद चयनित कर ऑफर लेटर वितरित किए जाएंगे।

### गर्ल्स कॉलेज में रक्त दान शिविर का आयोजन

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी एवं एनएसएस इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा से सूबेदार मेजर हृदय रंजन शामिल हुए। महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष सुमन सोनी ने कॉलेज द्वारा किए गए इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान एक सराहनीय पहल है, रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है। यह महाविद्यालय की सकारात्मक और सामाजिक दशा में कार्य करने को प्रदर्शित करता है।

## नपा में विवादः 18 पार्षदों के हस्ताक्षरों का सत्यापन किया

***सत्यापन पूर्ण होने के बाद कलेक्टर भी स्वयं सभी पार्षदों को बुलाकर कर सकते हैं पूछताछ।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ 38 पार्षदों के हस्ताक्षर से दिए गए ज्ञापन के बाद अब उन सभी हस्ताक्षरों का सत्यापन कराया जा रहा है। गुरुवार को 18 पार्षदों को बुलाकर उनके हस्ताक्षरों का सत्यापन किया गया की यह हस्ताक्षर उनके ही हैं। सभी के हस्ताक्षरों का सत्यापन होने के बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता भी पार्षदों को बुलाकर उनसे वन टू वन चर्चा कर सकते हैं कि कहीं उन्होंने आवेदन पर किसी के दबाव में तो हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। इसके बाद नपाध्यक्ष के खिलाफ दिए गए आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पार्षदों ने नपाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्हे हटाने की मांग की थी।

#### इन पार्षदों के हस्ताक्षर का हो चुका सत्यापन

गुरुवार को जिन पार्षदों के हस्ताक्षर का सत्यापन किया गया उनमें पार्षद अरुणा माझी, बालमुकुंद चिढ़ार, संतोष पेंटर, नवीन दांगी, राखी हिमांशु राजोरिया, लता मोतियानी, धर्मेंद्र यादव, सुनीता राजेश नेमा, सोनम कौशल अहिरवार, ज्योति सिद्धार्थ जैन, अनीता कमलेश अहिरवार, लीना जमुना कुशवाह, लीलाधर लोधी, राम प्रसाद पासी, गीतांजलि संदीप डोंगर सिंह, ममता राजू दांगी, संध्या राजेश लोधी, दीपक कुशवाह शामिल हैं। इनमें से लता मोतियानी एवं लीलाधर लोधी इन दोनों पार्षदों ने व्हाट्सएप पर साइन करके भेजे क्योंकि दोनों शहर से बाहर होने की बात कही गई है।

### जिपं कार्यालय में एक घंटे किया श्रमदान

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय परिसर में एक घंटा एक साथ श्रमदान गतिविधि अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया है। उक्त श्रमदान में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, लखन पटेल, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन, जिला समन्वयक एसबीएमजी राधेश्याम खंगार, परियोजना अधिकारी सुरेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### सागर रोड पर वाहनों की चेकिंग, 2 जब्त किए

**विदिशा।** नियम विरुद्ध और अवैध तरीके से चलने वाले वाहनों तथा स्कूल वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने सागर रोड पर वाहनों की चेकिंग की। इस कार्रवाई के दौरान 9 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की की गई। 7 वाहनों से जुर्माने के रूप में 6 हजार 7500 रुपए वसूल किए गए। दो वाहनों को जब्त कर परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ा करा दिया गया है। जिसमें एक टीकमगढ़ से भोपाल बिना परमिट के संचालित हो रही बस तथा एक स्कूल बस शामिल है। कार्रवाई के दौरान यात्री वाहनों, भारवाही वाहनों, स्कूल बसों की जांच की गई।

## डीएपी-यूरिया व बीज की कमी पर कांग्रेसियों ने चिंता जताई, समर्थन मूल्य, पर्ची वितरण में सुधार की मांग

***कांग्रेसियों ने दी चेतावनी : अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करेंगे।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



कांग्रेस ने गुरुवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि किसानों को डीएपी, यूरिया और बीज पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है। बाजार में व्यापारी मनमाने दाम वसूल रहे हैं। किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल रहा है।

पर्ची वितरण में अनियमितता की शिकायत है। दलालों की मिलीभगत से किसानों को नुकसान हो रहा है। पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने कहा कि सहकारी समितियों में किसानों को खाद-बीज वितरण के दौरान परेशान किया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने विदिशा संसदीय क्षेत्र में खेल-कूद विभाग के कार्यक्रमों में भी अनियमितता का आरोप लगाया है। खिलाड़ियों के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### मासूम से गलत हरकत करने वाले स्कूल वैन चालक को 20 साल सजा

**विदिशा।** न्यायालय सुरेखा मिश्रा तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अबोध बालिका के साथ गलत काम करने वाले दोषी वैन चालक को 20 साल के का कारावास की सजा सुनाई है। 7 जनवरी को पीड़ित की मां ने गुलाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि उसकी बेटी की उम्र 5 साल है। 6 जनवरी को बेटी उसके देवर के लड़कें तीनों वैन से सुबह 10 बजे स्कूल गए। स्कूल से घर आने पर बेटी रोने लगी। बोली कि स्कूल नहीं जाऊंगी। पूछने पर पीड़िता ने बताया कि वैन वाले अंकल ने उसे आगे बैठाया और उसके साथ गलत हरकत की उसने तुरंत अपने पति को फोन लगाकर बुलाया और फिर दोनों पति-पत्नि पीड़िता बालिका को साथ लेकर थाने पहुंचे।

## पंद्रह दिन में 2665 पर की कार्रवाई पुलिस ने वसूला 9.57 लाख जुर्माना बिना हेलमेट के 1938 चालान बनाए

***शराब पीकर वाहन चलाने वाले 13 चालकों पर कोर्ट ने 1.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।***



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सड़क हादसों को रोकने के लिए 8 से 22 सितंबर तक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में पुलिस ने जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सबसे ज्यादा उल्लंघन बिना हेलमेट का सामने आया। पुलिस ने 1938 लोगों पर 5.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। 360 लोगों को बिना सीट बेल्ट के पकड़ा गया और उन पर 1.80 लाख रुपए जुर्माना किया गया। वहीं मोबाइल पर बात करते हुए एक वाहन चालक से 4000 रुपए वसूले गए। तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले 11 चालकों पर 9,000 रुपए का जुर्माना लगा।

गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 19 लोगों से 9,500 रुपए वसूले गए। बिना लाइसेंस के 4 चालान से 5,300 रुपए और बिना फिटनेस के 2 वाहनों से 9,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अन्य 317 चालान से 1.59 लाख रुपए जमा हुए। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 13 चालकों पर कोर्ट ने 1.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। एसपी रोहित काशवानी बताया कि यह कार्रवाई यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने और सड़क हादसे रोकने के लिए की गई है। उन्होंने नागरिकों से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की अपील की। साथ ही शराब पीकर या मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाने की हिदायत दी।

### सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में परिचय पत्र वितरण से बढ़ा आत्मविश्वास

# कार्ड से बुजुर्गों को मिल रहा विशेष रियायत का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में कोर कमेटी सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, आर. कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, अजय टंडन एवं विनोद शाह मौजूद रहे। नए बने सदस्यों को निःशुल्क परिचय पत्र प्रदान किए गए। यह परिचय पत्र न केवल पहचान का माध्यम है, बल्कि विभिन्न संस्थानों से एमओयू के आधार पर विशेष डिस्काउंट और सेवाओं का लाभ भी दिलाता है। सदस्य बनने के लिए केवल निशुल्क फॉर्म, फोटो और आयु प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि आवश्यक है। पुलिस पंचायत ने सभी नए सदस्यों को हर सुख-दुख में साथ देने का आश्वासन भी दिया।



विदिशा। बैठक के दौरान सीनियर सिटीजन को कार्ड वितरित करते हुए।

### बैठक के दौरान सामने आईं यह शिकायतें

#### रात में शोर शराबा

एक वरिष्ठ नागरिक ने पड़ोस में छात्रों द्वारा देर रात तक शोर की शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रों को बुजुर्गों का सम्मान करने और कानूनी प्रावधानों का पालन करने की समझाइश दी।

#### संपत्ति का विवाद

एक सेवानिवृत्त बुजुर्ग ने संपत्ति बेचने में बाधा और झूठे पत्र वायरल करने की शिकायत दर्ज कराई। पंचायत ने इसे अपराध की श्रेणी बताते हुए दोनों पक्षों को अगली सुनवाई में पाबंद किया।

#### पारिवारिक उत्पीड़न

80 वर्षीय बुजुर्ग ने शिकायत की कि पोते ने घर का सामान और गैस सिलेंडर बेच दिया है। पंचायत की मध्यस्थता से सात दिनों में गैस सिलेंडर लौटाने का आश्वासन मिला। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य मामलों को अगली तिथि के लिए सुनवाई में रखा गया। पुलिस पंचायत के माध्यम से कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिन्हे सुनकर खुद पुलिस अधिकारी भी चौक जाते हैं कि पारिवारिक परिशिष्ट में ऐसा भी हो सकता है। ऐसे कई मामलों को पुलिस द्वारा हल भी किया गया है।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3173
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2769
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2461
उच्चतम भाव- 2470
चना
न्यूनतम भाव-1816
उच्चतम भाव-3600
मसूर
न्यूनतम भाव-4780
उच्चतम भाव-7650
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2826
उच्चतम भाव- 3000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2430
उच्चतम भाव-4490
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6800
मूंग
न्यूनतम भाव-2010
उच्चतम भाव-4900
उड़द
न्यूनतम भाव-4150
उच्चतम भाव-6101
बटरी
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-3750
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव- 1800

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7777 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### 251 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली



**गंजबासौदा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष माँ शारदा उत्सव समिति के तत्वावधान में धर्म कांटा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से विशेष चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। यात्रा में 251 फीट लंबी चुनरी को सैकड़ों महिलाओं ने अपने हाथों में थामा। यात्रा के आगे डीजे की धुन पर भक्ति गीत बज रहे थे। युवतियां नृत्य करते हुए चल रही थीं और महिलाएं भजन गा रही थीं। चुनरी यात्रा बरेठ रोड से होते हुए जय स्तंभ चौराहे से सिटी मार्केट होते हुए श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर पहुंची। चुनरी यात्रा के समापन पर 251 फीट लंबी चुनरी मां शीतला को अर्पित की गई। मुख्य मार्गों पर कई सामाजिक संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया।

# टीटी जैन पाठशाला ग्राउंड में जित्तू खरे की भजन संध्या सुनने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








श्री नवदुर्गा उत्सव समिति पाठशाला परिवार के तत्वावधान में विशाल भजन संध्या एवं लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को रात्रि के समय पाठशाला ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। जिसमें प्रसिद्ध लोक गायक जित्तू खरे बादल और उनकी टीम की नेहा, राधा, कौशल्या द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दीं गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जित्तू खरे द्वारा गणेश वंदना और माताजी के भजन सबकी चल रही रोटी, भाजी शीतला माता स्वयं विराजी से की गई। भजन संध्या के दौरान जित्तू खरे ने कण कण में बसत हैं श्रीराम, बासौदा में मिल गए चारों धाम सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सभी नगरवासियों को नवदुर्गा उत्सव की शुभकामनाएं दीं और इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहने की बात कही। इस मौके पर नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, डॉ. राकेश सिंह जादौन, राजेश तिवारी, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक, तारण तारण जैन पाठशाला परिवार, श्री नवदुर्गा उत्सव समिति एवं नगर के युवा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रोतागण मौजूद रहे। भजन संध्या एवं लोकगीत का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। कार्यक्रम का संचालन आशीष दुबे ने किया एवं आभार नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने व्यक्त किया।

## पुलिस महकमे के ढुलमुल रवैए से अपराधियों के हौसले बुलंद

# दो पक्षों की भिड़ंत में पुलिसकर्मी गंभीर घायल, एसपी ने रखा 10 हजार इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जिसके चलते वह आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। रात्रि के समय डायल 112 पर तैनात प्रधान आरक्षक पर एक युवक द्वारा हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डायल 112 पर बुधवार की शाम को वार्ड क्रमांक 3 में विवाद की सूचना मिली, तो गाड़ी में तैनात प्रधान आरक्षक भीम सिंह किरार वार्ड नंबर तीन स्थित नई बस्ती पहुंचे जहां पर विवाद कर रहे धर्मेंद्र रैकवार ने अचानक ही प्रधान रक्षक भीम सिंह किरार पर हमला कर दिया। हमले में प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने भीम सिंह को तत्काल उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रधान आरक्षक की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया। पुलिसकर्मी पर हमले की जानकारी लगने के बाद भारी भरकम पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं आरोपी की तलाश की जा रही है।

112 के चालक राजाराम ने बताया कि आरोपी धर्मेन्द्र रैकवार अपनी मां के साथ मारपीट कर रहा था, तो उसके छोटे भाई शिवम रैकवार ने 112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस जैसे ही मौके पर पहुंची वैसे ही आरोपी ने हमला कर दिया जिसमें प्रधान आरक्षक भीम सिंह किरार गंभीर घायल हो गए। उक्त मामले में थाना प्रभारी संजय बेदिया का कहना है कि आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 109, 132, 121(1), 221 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है, आरोपी की तलाश की जा रही है। उधर इस घटना की जानकारी लगते ही एसपी रोहित काशवानी ने आरोपी की सूचना देने वाले को 10000 रुपए के इनाम की घोषणा की है। वहीं समीपस्थ ग्राम चौरावर में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद में मारपीट होने पर दोनों पक्ष की तरफ से लोग घायल हुए हैं, जिनको शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ही पक्ष देहात थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम चौरावर में बेलदार व अहिरवार समाज के बीच झगड़ा हो गया। सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल प्रारंभ की दोनों पक्ष जन चिकित्सालय व थाने में लाया गया। एक पक्ष बेलदार समुदाय का है वहीं दूसरा पक्ष अहिरवार समाज का है। अहिरवार समाज के घायल युवक ने बताया कि मुस्लिम बेलदार समाज के युवकों ने पहले पत्नी से अभद्रता की फिर मेरे साथ व पत्नी के साथ मारपीट की है। वहीं मुस्लिम बेलदार पक्ष ने अहिरवार समाज के लोगों पर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि प्रधान आरक्षक पर हमला करने वाले आरोपी की तलाश की जा रही है। वहीं दो पक्षों में विवाद के मामले में अहिरवार पक्ष की महिला की शिकायत पर दूसरे बेलदार पक्ष पर धारा 354 की कार्रवाई की गई है।

## स्थापना दिवस पर स्वयं सेवकों ने की गोसेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई द्वारा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिन युवाओं को सामुदायिक सेवा में भाग लेने और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के माध्यम से व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए रासेयो की भूमिका पर प्रकाश डालता है। इस अवसर पर बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा ने गांधी के जीवन दर्शन तथा स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवक ओम रघुवंशी, लक्ष्य रघुवंशी ने समाज सेवा के साथ-साथ समस्त प्राणियों की सेवा को भी जीवन का आधार बताया। इस अवसर पर रासेयो के स्वयंसेवक छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रातः काल विद्यालय में आते समय स्वयंसेवक छात्र यतीश मिश्रा, देवांश माथुर, ओम रघुवंशी और लक्ष्य रघुवंशी ने मनसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास घायल अवस्था में पड़ी गौ माता को देखा तो न केवल उसका उपचार करवाया, बल्कि उसे गौशाला भेजने में सहायता भी की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों को इसमें शामिल करने के लिए, सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## सैंट एसआरएस में मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने स्वयं सेवकों को बताया कि कक्षा 11 और 12 में आप स्वयंसेवक बनने की प्रक्रिया में है। किसी भी कार्य को औपचारिक रूप से ना करके यदि आप उसमें समग्र समाहित होते हैं, तो ही स्वयंसेवक का दायित्व पूरा होता है। जैसा कि स्वयंसेवक शब्द में ही छुपा है स्वयं का सेवक अर्थात स्वयं के द्वारा समाज की सेवा करना। हमारी संस्था का उद्देश्य भी व्यक्ति के निर्माण से युग का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति एनएसएस विद्यार्थियों के व्यक्तित्त्व निर्माण कर पूरा करता है। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने एनएसएस का महत्व और उसके उद्देश्य को स्वयंसेवकों के सामने रखा। बालक इकाई प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने बताया कि एनएसएस में मैं नहीं, आप का भाव जाग्रत करना है। इसी उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयां स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं। एनएसएस की बालिका इकाई अधिकारी रजनी गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए एनएसएस के उद्देश्य, लक्ष्य एवं आदर्श पुरुष विवेकानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्यगीत की प्रस्तुति दी।

## महापुरुषों की मनाई गई जयंती एवं पुण्यतिथि



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से गुरु नानक जी की पुण्यतिथि, संत हिरदाराम जी की जयंती एवं महाराजा अग्रसेन जी की जयंती मनाई गई। वहीं देश के प्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर पाठक संघ के विभिन्न पदाधिकारी सहित सभी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी जी ने किया। इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने रामधारी सिंह दिनकर, गुरु नानक जी एवं संत हिरदाराम जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सदी का जननायक बताया और उनके सिद्धांत और आचरणों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं पर वाचनालय के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने भी इनके संस्मरणों को साझा किया और उनके बताइ मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वहीं लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने सभी आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। एग्रीकल्चर कॉलेज के एनसीसी के प्रभारी डॉक्टर सतीश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके प्रेरणादाई उद्बोधनों को बताते हुए उनके जीवन चरित्र को विस्तार से बतलाया। इस अवसर पर सतीश पाराशर, ओपी साहू, सनमान सिंह, चंद्र प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रक्त परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय एसजीएस पीजी महाविद्यालय द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के निर्देशन में तथा एनएसएस इकाई के प्रभारी घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में गोद ग्राम हतोड़ा में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गोद ग्राम के स्थानीय निवासियों का रक्त परीक्षण किया गया। रक्त परीक्षण के माध्यम से एनीमिया, ग्रुप आदि की जांच की गई। साथ ही ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई।

इसके अतिरिक्त जांच करने आए ग्रामीणों को आयरन दवाइयां भी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की सहायता से आयोजित किया गया है। जिसमें डॉक्टर रुचि के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित रही। ग्राम हतोडा के सरपंच पप्पू रघुवंशी ने विशेष योगदान दिया। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों को रक्त परीक्षण करवाने के लिए प्रेरित किया और रक्त परीक्षण के लाभ ही बताए।

महाविद्यालय की इकाई के स्वयंसेवकों में सचिन अहिरवार, शिवराज परिहार, भूमि रघुवंशी, नेहा राजपूत, भारती पाल, परी ओझा, अभिलाषा रघुवंशी, ओम रजक, सुमित अहिरवार आदि ने अपना विशेष योगदान प्रदान किया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. बिंदेश शुक्ला ने कार्यक्रम में सहायता प्रदान की।

## रासेयो के 56वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम किया आयोजित

# शासकीय उमावि की रासेयो इकाई का कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 56 वे स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का अक्षत रोली एवं एनएसएस के बैच से स्वागत किया गया।

दिशा बुंदेला और आस्था जैन ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीके जग्गा जिला संगठक विदिशा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को गढने का कार्य करती है, उन्होंने इकाई द्वारा कि जा रही गतिविधियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अंजली झा वरिष्ठ स्वयंसेविका ने एनएसएस के राष्ट्रीय शिवरों के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी सुनील कुमार पिंगले एवं दीपक तिवारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता और युवाओं को समाज सेवा में भूमिका के बारे में बताया। प्राचार्य एमसी शर्मा ने जीवन में अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण कर उसके लिए संकल्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ सेवक के लिए गौरव शर्मा, अमित विश्वकर्मा, आयुषी दांगी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम में जिला संगठन को शाल, श्रीफल, माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सलोनी सेन, रागिनी सेन, खुशी विश्वकर्मा, जानकी विश्वकर्मा, मुस्कान अहिरवार, सुप्रिया अहिरवार, रानी लोधी, पिंकी कुशवाहा, शिवा मीणा द्वारा दी गई।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष सहयोग रामनाथ भोई, महेंद्र पंथी, आकाश अहिरवार, सचिन अहिरवार का रहा।

### पोषण माह का हो रहा आयोजन

**गंजबासौदा।** इन दिनों आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। सेक्टर उदयपुर के आंगनबाड़ी केंद्र उदयपुर में पोषण माह के दौरान महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और सजगता के लिए शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर सीमा ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी।

## धूमधाम से निकली कलश यात्रा



**गंजबासौदा।** ग्राम उदयपुर में नवरात्रि के पावन अवसर पर बड़े ही धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। नवरात्रि के अवसर पर देवाधिदेव महादेव की नगरी ग्राम उदयपुर की पावन धरा पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा वाचिका परम पूज्य विष्णुप्रिया श्रीधाम वृंदावन द्वारा कथा की जाएगी। जिसमें कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा नीलकंठेशवर महादेव मंदिर उदयपुर से प्रारंभ होकर मेन चौराहा होते हुए खजयाई बावड़ी, हनुमान मंदिर, घटेरा तिगड्डा होते हुए बिजासन माता मंदिर, शीतला माता मंदिर होते हुए माता महामाया मंदिर कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में डीजे की धुन पर अनेक भक्तगण नाचते चल रहे थे। वहीं महिलाएं एवं कन्याएं अपने सिर पर कलश रखकर यात्रा में साथ चल रही थीं।

# हमले के आरोपियों को तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने थाना नटेरन क्षेत्र के एक मामले में तीन आरोपियों को दोषी मानते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जून 2021 को फरियादी अरमान खां द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 6 जून 2021 को एक फावड़े को लेकर आरोपी रफीक से उसका विवाद हुआ था। गांव के एक व्यक्ति ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, बाद में इसी बात को लेकर आरोपी रशीद, उसके बेटे रफीक उर्फ आबिद और भोलू उर्फ जावेद के साथ-साथ उसकी बेटी बुल्लों ने एक राय होकर फरियादी के घर पर हमला कर दिया। रफीक और भोलू के पास कुल्हाड़ी थी, जबकि रशीद और बुल्लों के पास डंडे थे।

आरोपियों ने फरियादी पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला किया, जिससे उसके सीने, पेट और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। जब फरियादी की पत्नी उसे बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

मामले के विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक नरेंद्र व्यास के तर्कों और प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने तीनों पुरुष आरोपियों को दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपियों रशीद, रफीक और भोलू को धारा 326 सहपठित धारा 34 के तहत 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास और धारा 323 सहपठित धारा 34 के तहत 3-3 माह के सश्रम कारावास के साथ 2000-2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। उक्त जानकारी अपर लोक अभियोजक नरेंद्र व्यास द्वारा दी गई।

### वैदिक वाटिका में गरबा नृत्य का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं ने बिखेरी छटा

# गरबा नृत्य में धार्मिक, आस्था के बिखरे रंग, भारतीय संस्कृति की दिखी झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु विभिन्न प्रकार से मां दुर्गा की भक्ति करते हैं। कोई व्रत रखता है, कोई भजन-कीर्तन करता है तो कोई गरबा नृत्य कर माता रानी को प्रसन्न करते है। नवरात्रि पर्व पर गरबा नृत्य का विशेष महत्व माना जाता है। इसी क्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वैदिक रास संस्कृति गरबा महोत्सव द्वारा वैदिक वाटिका में 22 सितंबर से 24 सितंबर तक गरबा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ अतिथियों द्वारा मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आरती उतारकर गरबा नृत्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर निगम उज्जैन की अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, सागर सांसद डॉ. श्रीमती लता गुड्डू वानखेडे, श्रीमती अनुश्री शैलेंद्र जैन, ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा, जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम तिवारी, प्रतिभा तिवारी, मेघा दुबे, स्वाति दुबे, आशा पिंपलापुरे, आशालता सिलाकारी, प्रीति शर्मा, स्वाति, निशा सिंदे, रेखा राजपूत, अनिल तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



#### सम्मान और स्वागत से गूंजा आयोजन स्थल

गरबा नृत्य के शुभारंभ के पूर्व सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेडे ने कलावती यादव का फूलमाला, माता की चुनरी, शाल और श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इसी क्रम में अनुश्री जैन सहित उपस्थित नारी शक्ति का सम्मान किया गया। इस मौके पर गरबा नृत्य में भाग ले रहे प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कलावती यादव ने कहा कि शारदीय नवरात्र शक्ति और माता की आराधना का पर्व है, इसलिए यह पर्व आप सबके जीवन में खुशहाली और समृद्धि दायक हो। अनुश्री शैलेंद्र जैन ने भी समस्त प्रतिभागियों को नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं दी और समस्त अतिथियों ने प्रतिभागियों के साथ गरबा नृत्य भी किया। गरबा नृत्य में भाग ले रहे सजी-धजी कलाकारों ने जब आकर्षक प्रस्तुतियां दीं तो पूरा परिसर गूंज उठा। रंग-बिरंगे परिधान, घूमते हुए घाघरे, तालबद्ध थाप और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

#### परिधानों और लोक नृत्यों का मिश्रण देखने को मिला

इस गरबा नृत्य में सिर्फ धार्मिक और आस्था का रंग ही नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता की शानदार झलक भी दिखाई दी। विभिन्न राज्यों से प्रेरित परिधानों और लोक नृत्यों का मिश्रण मंच पर देखने को मिला। मानो संपूर्ण भारत की कला और संस्कृति एक ही स्थान पर सजीव हो उठी हो। हर प्रस्तुति में भक्ति, आस्था और आनंद का समावेश था। कहीं गुजरात की पारंपरिक डांडिया की झलक दिखी तो कहीं राजस्थान की रंग-बिरंगी छटा नजर आई। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बंगाल और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक रंगत ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियां देखकर ऐसा लगा जैसे पूरा भारत एक ही ध्वनि और एक ही ताल पर नृत्य कर रहा हो। गरबा रास संस्कृति महोत्सव द्वारा आयोजित यह आयोजन न केवल धार्मिक और भक्ति से परिपूर्ण रहा, बल्कि इसने समाज में एकता और सांस्कृतिक बंधन की भी मिसाल पेश की। वही कार्यक्रम में वैदिक वानखेडे का स्वागत कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलावती यादव द्वारा इस नृत्य कार्यक्रम आयोजन पर अतिथियों के साथ-साथ वैदिक वानखेडे का विशेष रूप से स्वागत किया गया। जो इतने भव्य कार्यक्रम को लगातार आयोजित कर भारत की संस्कृति और लोक कलाओं को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे है।

### स्वच्छता अभियान के साथ ऑक्सीजन पार्क में किया पौधरोपण

## श्रद्धापूर्वक मनाई पंडित दीनदयाल जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनसंघ के नेता,भाजपा संगठन के प्रेरणा पुंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विधानसभा के सभी मंडलों के अंतर्गत आने वाले बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां वक्ताओं ने दीनदयाल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व सुबह के समय लटेरी रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय मानस उद्यान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संस्मरणों का स्मरण किया।




इस दौरान बूथों पर आयोजित हुए कार्यक्रमों संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एकात्म मानववाद के प्रणेता तथा मानव समाज की उन्नति प्रगति के लिए अंत्योदय के कल्याण का मंत्र देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन परिचय से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए राजनैतिक दल के कार्यकर्ता के रूप उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि स्वरूप श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी संगठन की रीति नीति अनुसार अपने बूथ केंद्र को मजबूत बनाने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर विभिन्न बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा रमेश यादव,तोषमनी पंथी,सचिन शर्मा, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### पं दीन दयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सीएम राइस विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

## दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक, दूरदर्शी विचारक और देश के लिए प्रखर राष्ट्रवादी नेता थेः माधवी माथुर




**सिरोंज।** शासकीय सांदीपनी विद्यालय में मेरा युवा भारत विदिशा के तत्वधान में पं दीन दयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्रीमती माधवी माथुर ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक और दूरदर्शी विचारक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। वही उन्होने स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता ही सेवा ,स्वभाव स्वच्छता संस्कार के तहत सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका व महिला बाल विकास की पूर्व जिला सभापति श्रीमती माधवी माथुर,विशेष अतिथि स्कूल प्राचार्य महेश ताम्रकार,वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राए उपस्थित रही। वही मंच का संचालन श्रीमती भारती द्वारा व आभार व्यक्त सांदीपनी विद्यालय प्राचार्य महेश ताम्रकार के द्वारा किया गया।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान शिविर

**सागर।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 25 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन 7 एमपी गर्ल्स बटालियन सागर एवं 11 एमपी बॉयज बटालियन सागर के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार एवं डॉक्टर जय नारायण यादव द्वारा प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा रक्तदान करके समाज को दूसरों के लिए जीवन जीने कि कल का संदेश दिया गया। जिला चिकित्सालय सागर की रक्तदान टीम के द्वारा इच्छुक क्रेडिट का एक यूनिट रक्त लिया गया जो चिकित्सालय के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा आवश्यकता अनुसार जब किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होगी तब ब्लड बैंक द्वारा यह रक्त प्रदान किया जाता है इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता मैडम द्वारा कैडेट्स को रक्तदान करके अपने जीवन को दूसरों के लिए समर्पित करने का संदेश दिया गया महाविद्यालय के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कैडेट द्वारा भी रक्तदान किया गया डॉक्टर अमर कुमार जैन डॉक्टर संगीता मुखर्जी डॉक्टर अभिलाषा जैन डॉक्टर प्रतिभा जैन द्वारा इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग एवं सहभागिता प्रदान की गई।




## महादेवी पद्मावती माता की आराधना को बुंदेलखंड से श्री णमोकार तीर्थ पहुंच रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

महाराष्ट्र प्रदेश के चांदवड जिले में स्थित अतिशय क्षेत्र श्री णमोकार तीर्थ क्षेत्र में नवरात्री पर्व पर बुंदेलखण्ड गुरु भक्त परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुरुप आयोजित दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव 02 अक्टूबर तक चलेगा। नवरात्रि महोत्सव बुंदेलखण्ड गौरव णमोकार तीर्थ प्रणेता परम पूज्य प्रज्ञाश्रमण सरस्वताचार्य सर्वोदयी राष्ट्र संत 108 आचार्य श्री देवनन्दी जी महाराज के ससंघ सान्निध्य व बा.ब्र.वैशाली दीदी,बा.ब्र.अक्षय भैया एवं विधानाचार्य पं. दयाचंद जैन, अमरकंटक के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है अनुष्ठान हेतु संगीतकार राहुल पडेले है।



नवरात्रि के पवित्र सर्वसिद्धि अनुष्ठान में माँ भगवती राज राजेश्वरी, णमोकार तीर्थ वासिनी, सर्व फलदायिनी, महादेवी श्री पद्मावती माता की भक्तिमय साधना की जाती है जिसमें प्रतिदिन प्रातः काल जिन अभिषेक,शांति धारा, पूजन श्रृंगार दोपहर में विशेष अनुष्ठान व प्रवचन एवं रात्री कालीन आरती, हवन एवं अन्य मांगलिक क्रियाओं के साथ पूर्ण भक्ति भाव से माता की आराधना होती है। आयोजन में प्रमुखता से बुंदेलखण्ड के सागर जिले सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र प्रांत के श्रद्धालु शामिल होते है। आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन बंडा ने बताया कि दस दिवसीय अनुष्ठान में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य सागर निवासी मुकेश जैन सुनीता जैन श्रीकांत जैन भाजपा मीडिया प्रभारी परिवार को प्राप्त हुआ है। अनुष्ठान में प्रतिदिन हज़ारों लोग शामिल होकर माँ पद्मावती की आराधना करते हैं।

### ग्यारसपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

## पं.दीनदयाल उपाध्याय का जीवन अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने समर्पित रहा



ग्यारसपुर। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती ग्यारसपुर मंडल के बूथ क्रमांक 213 पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं तिलक लगाकर की गई। वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए समर्पित रहा। उनके द्वारा दिए गए एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत आज भी समाज और राजनीति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, शेर सिंह साहू, सीताराम कुशवाह, अभिषेक लोधी, संदीप प्रजापति, सौरभ कुशवाह , राजा चौहान आदि मौजूद रहे।

> **कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।**

### दो माह में 19वां सीताराम नाम लेखन पूर्ण किया

**सागर।** हनुमान दुर्गा भैरव धाम परिसर स्थित श्री सीताराम नाम बैंक में सायं 5 बजे 19वां सवा करोड सीताराम नाम लेखन जप की जमा हुई पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ की गिनती की गई । जिसमे दो माह में लेखन प्रेमियो के द्वारा 600 पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ को जमा किया है जो एक करोड 27 लाख लेखन हुआ । उक्त जानकारी देते हुये सीताराम नाम बैंक के सहव्यावस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि 19वा सवा करोड लेखन जप श्रद्धालुओ के द्वारा 26 जुलाई को प्रारम्भ किया था। द्विवेदी ने बताया कि श्री सीताराम नाम लेखन की शुरुआत अप्रैल 2012 में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन जी की प्रेरणा एवं विशेष कृपा से भक्तो के द्वारा की गई जो विगत 13वर्षा से लेखन जप का कार्य अनवरत जारी है । द्विवेदी ने आगे बताया कि गुरुवार 25 सितम्बर से ही 20वाँ सवा करोड सीताराम नाम लेखन का कार्य भक्तो के द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है । गिनती के अवसर पर मन्दिर के पुजारी एवं बैंक मैनेजर पं गोपालदास शर्मा, नमन द्विवेदी, रामरतन तिवारी, बलराम सेन मौजूद रहे।

## उपाध्याय की जयंती पर आयोजित हुई प्रबुद्ध जन संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भाजपा के पितृ पुरुष वा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



विधायक मुकेश टंडन द्वारा दीनदयाल का जीवन परिचय आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी विषय पर बोलते हुए कहा कि जैसी अनुशासित पार्टी हमे मिली ओर आने वाली पीढ़ी को भी इसी प्रकार अनुशासित पार्टी मिले इस लिए हमे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा बताए मार्ग पर चलना होगा। वहीं उनके द्वारा कहा गया कि हमें आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होने के लिए पंडित दीनदयाल जी के जीवन से परिचित होना होगा। जब दीनदयाल जी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे जब उनके द्वारा जो विनम्रता दिखाई उससे सबको सिख लेकर आगे बढ़ना होगा। श्री टंडन द्वारा हर वर्ग से स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वदेशी वह हे जो हमारे देश में बनी हो हमारे देश का श्रम लगा हो जिससे देश के लोगों को रोजगार मिलता हो वह स्वदेशी आज मोबाइल से लेकर सेमी कंडक्टर देश में बन रहा हे इस लिए अब स्वदेशी अपनाए।

संगोष्ठी को जिला महामंत्री कार्यक्रम के प्रभारी अनिल सोनकर ने संबोधित करते हुए कहा कि विदिशा जिला संगठन का गढ़ हे यह कार्यकर्ताओं के बलबूते पर पार्टी सदैव शीर्ष पर रही हे ओर आगे भी शीर्ष पर रहेगी।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कैंप आज

**हरिभूमि न्यूज ग्यारसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर में आज शुक्रवार को स्वास्थ्य कैंप लगाया जाएगा। जिसका शुभारंभ विधायक हरि सिंह रघुवंशी करेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा इस कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं परामर्श की व्यवस्था की गई। साथ ही परिवार को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक जागरूकता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ समाज में जागरूकता फैलाना है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलखेड़ा में स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

**विदिशा।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विदिशा विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलखेड़ा में विशाल स्वास्थ्य शिविर और रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना के द्वारा किया गया। शिविर में ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों से आई महिलाओं और बच्चों तथा बालिकाओं और पुरुषों की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा की गई और हितग्राहियों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वच्छता सेवा अभियान के तहत सफाई कर्मियों को विधायक श्री मीना ने शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही यहां आयोजित रक्तदान शिविर में आम नागरिकों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया।

## आपदा प्रबंधन, जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आजीविका भवन में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की टीम द्वारा सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्रशिक्षित करने हेतु एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत कुरवाई अध्यक्ष ममता महाराज सिंह दांगी रही। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में एसडीईआरएफ की विशेषज्ञ टीम द्वारा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं जैसे के बारे में बताया गया एवं आपदा प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों जैसे प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा, बाढ़ के दौरान बचाव कार्य एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के सिविल डिफेंस वालंटियर्स को आपदा की स्थिति में तत्पर रहने एवं जन-जन तक सुरक्षित वातावरण बनाने हेतु तैयार करना है। विधायक हरि सिंह सप्रे द्वारा प्रशिक्षण को युद्ध, प्राकृतिक आपदा एवं महामारी के दौरान युवाओं और सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में युवा सिविल डिफेंस वालेंटियर्स ही महिला, बच्चों एवं बुजुर्गों का सहारा बनते हैं।

## सेवा पखवाड़ाः स्वास्थ्य केंद्र की सफाई करने वाले कर्मचारियों का फूलमाला पहनाकर किया सम्मान

***सफाई कर्मियों के सम्मान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर जांच भी की गई।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर में सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया।


यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बीएमओ नत्थी अहिरवार एवं सुपरवाइजर गणेशराम विश्वकर्मा ने सफाई कर्मचारियों को फूलमाला पहनाकर अभिवादन किया और उनके निरंतर सेवाभाव की सराहना की। इस अवसर पर सफाई कर्मियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, जिसका संचालन डॉ. मीणा ने किया। कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान रमेश अहिरवार सहित अस्पताल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि सफाई कर्मियों की मेहनत और समर्पण के कारण अस्पताल का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बना रहता है। स्वच्छता पखवाड़ा लोगों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता लाने और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।



> **कर्मचारियों के समर्पण के कारण ही अस्पताल का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बना रहता है।**

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**गढाकोटा।** सेवा पखवाड़ा की अंतर्गत पंडित दीनदयाल जयंती उपलक्ष्य में गढ़ाकोटा के ऑडिटोरियम में आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य एवं पं. गोपाल भार्गव की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के पथप्रदर्शक भारतीय राजनीति में अंत्योदय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती एवं सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला सागर ग्रामीण द्वारा आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी एवं पटेरिया स्थित पार्क में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की एवं अतिथि द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। संगोष्ठी में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद एवं आत्मनिर्भर भारत हेतु स्वदेशी के महत्व पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया, बण्डा विधायक वीरेंद्र सिंह लम्बरदार, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा, पं. अभिषेक भार्गव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जाहर सिंह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिनारायण पटेल आदि मौजूद रहे।




### निशुल्क नाट्य प्रशिक्षण

**सागर।** रंगसाधक थियेटर ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला वात्सल्य स्कूल प्रांगण में 25 से 27 सितंबर शाम 5 से 8 बजे तक, कार्यशाला निदेशक मनोज सोनी, आमंत्रित प्रशिक्षक ऋचा तिवारी (एमपीएसडी), आकाश विश्वकर्मा (एमपीएसडी) एवं राहुल सेन (बीएनए) होंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भोगचन्द छीपा पिता बालकिशन छीपा निवासी ग्राम लश्करपुर तहसील व जिला विदिशा म.प्र. । मेरा नाम मेरी जमीन की ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, परिचय पत्र, पेन कार्ड एवं सभी दस्तावेजो में अब मेरा नाम भोगचन्द छीपा दर्ज है जो कि सही व सत्य है। मैने भारतीय जीवन बीमा निगम विदिशा से एक पालिसी ली थी जिसका पालिसी नंबर 352100105 कस्टमर आई डी 0051222586 6526 है उक्त पालिसी में पूर्व में मेरा नाम सुरेश कुमार छीपा था जो की गलत दर्ज हो गया है। उक्त पालिसी भारतीय जीवन बीमा निगम विदिशा में भी मेरा नाम भोगचन्द छीपा पिता बालकिशन छीपा अंकित किया जाये ।शपथ पत्र क्रमांक CZ 068632

## खबर संक्षेप

### लापता युवती का सतधारा नदी में मिला शव

**सलामतपुर।** ग्राम कचनारिया में बुधवार की देर रात घर से लापता हुई युवती का शव 20 घंटे बाद सतधारा नदी की झाड़ियों में फंसा हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं मुस्कान की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने पूरे मामले को संदिग्ध बताते हुए सही ढंग से जांच की मांग की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बुधवार देर रात डायल 112 पर एक इवेंट आया था कि सतधारा नदी में शव झाड़ियों में फंसा है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहंच गए और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त 19 वर्षीय मुस्कान पिता हरिसिंह अहिरवार के रूप में हुई। पुलिस ने डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखवा दिया। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं सलामतपुर पुलिस ने मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है।

### नगर में जगह-जगह सज गए मां के पंडाल

**सांची।** नवरात्रि पर नगर में जगह-जगह सजे मां भगवती के पंडाल। पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़। सुबह से ही मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए महिलाओं सहित छोटे-छोटे बच्चियों भी हाथों में कलश लेकर जल चढ़ाने के लिए मंदिरों के चारों तरफ दिखाई दे रही हैं। वहीं झांकियों में मां के जगराते गरबा और कई प्रकार के धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। वहीं वार्ड नंबर 13 की डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी में महाकाली भगवती तथा मां दुर्गा के मनमोहक दर्शन करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### लाइन में खड़े रहने पर भी नहीं मिली खाद

**सलामतपुर।** गुरुवार को सलामतपुर खाद गोदाम पर खाद लेने पहुंचे किसानों को भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 6 बजे से ही किसान यूरिया और डीएपी खाद प्राप्त करने के लिए लाइन में खड़े हो गए थे, लेकिन सरवर डाउन होने की वजह से खाद का वितरण शुरू नहीं हो सका।

### रियल एस्टेट में आया बूम, 1 से 24 सितंबर तक हुई रजिस्ट्री

# नवरात्रि उत्सव की धूम: उप पंजीयक कार्यालय में हुए 169 जमीनों के सौदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व में रियल एस्टेट का कारोबार भी चमकने लगा है। जिले भर में नवरात्र के त्यौहार पहले व दूसरे दिन 189 जमीनों की रजिस्ट्री हो गई। इसके अलावा जिले में लगभग 1200 से प्लॉट व मकान की बुकिंग हुई है। इस त्योहारी सीजन में कॉलोनाइजर को पिछले वर्ष की तुलना में 40 फीसदी अधिक कारोबार होने की उम्मीद है।

लगातार बढ़ती मकानों व प्लॉटों की कीमतों के चलते ज्यादातर लोग रियल एस्टेट सेक्टर में अपना रुपए लगाकर निवेश कर रहे हैं और सामान्य दिनों से लेकर खास मौके पर प्लॉट व मकान खरीद रहे हैं।शारदीय नवरात्रि पर्व के दो दिन में सबसे अधिक रायसेन तहसील में 32, प्लॉट और जमीनों के सौदे हुए हैं।जिनसे 1.69 करोड़ रुपये का राजस्व जिला पंजीयक उप पंजीयक कार्यालय रायसेन के खाते में आ चुका है।

आगामी पंचमी, अष्टमीं और नवमीं दशहरे पर्व सहित अन्य मौकों पर बड़ी संख्या में रजिस्ट्री होने का अनुमान लगाया जा रहा है।उप पंजीयक कार्यालय रायसेन में शारदीय नवरात्रि पर्व और त्यौहारी सीजन में प्रॉपर्टी की सौदेबाजी करने वालों की भीड़ उमड़ने लगी है।नवरात्रि पर्व में रियल स्टेट कारोबार में जमकर बूम आया।इसीलिए हाल ही के दो रोज में 169 जमीनों के लिए उप पंजीयक कार्यालय रायसेन में रजिस्ट्रियां हुई है। इससे विभाग को एक करोड़ 69 लाख सतासी हजार 778 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ है।




#### सर्वर डाउन रहने से आ रही समस्या

हालांकि संपदा 2.0 सर्वर प्रॉपर्टी की स्लॉट बुकिंग रजिस्ट्री धीमी गति से चल रही है।जिससे रजिस्ट्री कराने वालों को काफी इंतज़ार करना पड़ रहा है। कम्प्यूटर सिस्टम का सर्वर धीमा चलने से कभी फोटो अपलोड करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इस प्रक्रिया मे विलंब हो रहा है। नवरात्रि पर्व पर लोग प्रॉपर्टी के लिए उप पंजीयक कार्यालय रायसेन में रजिस्ट्री कराने प्रतिदिन दफ्तर पहुंच रहे हैं। कोलोनॉइजर के मुताबिक त्योहारी सिजन में प्रापर्टी की खरीदी बिक्री की बढ़ने की पूरी संभावनाए व्यक्त की जा रही हैं।

जिला पंजीयक अधिकारी रजनीश सोलंकी ने बताया कि नवरात्री पर्व के दो दिनों में 199 पंजीयन हो चुके हैं। जबकि पिछले साल नवरात्री के त्यौहार के दोरान 182 प्रापर्टी के पंजीयन हुए थे इससे 1.39 करोड़ की आमदनी हुई थी। अप्रैल 2025 से लेकर 24 सितंबर 2025 तक 6 माह में 11544 रजिस्ट्रियां हो चुकी हैं। जिनसे शासन को 96 करोड़ 15 लाख की राजस्व आय प्राप्त हो चुकी है जबकि पूरे वित्तीय वर्ष में 201 का राजस्व एकत्रित हुआ है।

#### इनका कहना है

**अभी दो दिन में 8 मकान और 7 प्लॉट की बुकिंग**

पिछली बार की अपेक्षा इस बार 40 प्रतिशत अधिक कारोबार का होगा। क्योंकि इस बार कम बजट में ग्राहकों को मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा लोगों का शहर के शोरगुल और चकाचौंध से दूर शांत वातावरण में फॉर्म हाउस की तरफ रूझान बढ़ा है। प्लॉट, मकान के अलावा फार्म हाउस की इंक्वारी व विजिट बढ़ी हैं। नवरात्र के दो दिनों में 8 मकानों और 7 प्लॉट की बुकिंग हुई हैं।

– **मनीष शिवहरे,** कॉलोनॉइजर कान्हा सिटी रायसेन।

**नवरात्रि में विभाग को हुआ करोड़ों का राजस्व फायदा**

संविदा 2.0 में कभी-कभी सर्वर डाउन की समस्या आ जाती है। बाद में इसे ठीक कर लिया जाता है। नवरात्रि में अभी दो दिनों में रियल एस्टेट में काफी बूम आया है। 169 जमीनों की रजिस्ट्री हुई है, जिससे विभाग को करोड़ों का राजस्व फायदा हुआ है।

– **जितेंद्र चौहान,** उप पंजीयक कार्यालय अधिकारी रायसेन।

## सेवा पखवाड़े में जेडी ने जिला अस्पताल में किया पौधरोपण

बोले- महिलाओं-बच्चों के स्वास्थ्य पर जोर
मुफ्त जांच और परामर्श की सुविधा मिलेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सीनियर संयुक्त स्वास्थ्य संचालक सुनील कुमार राय भोपाल ने गुरुवार को दोपहर जिला अस्पताल रायसेन का दौरा किया। उन्होंने जिला अस्पताल में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और 'स्वस्थ नारी सशक्त अभियान' कार्यक्रम में भाग लिया।

वहीं जिला अस्पताल की वाटिका पार्क में झाडू लगाकर सफाई कर पौधरोपण करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। उनके साथ सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे, सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक राय, आरएमओ एलके गुर्जर ने भी कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई। इस मौके पर समस्त मेट्रन एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

जिला अस्पताल में आयोजित रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन कर निर्णय दिया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ बाल्यान द्वारा सफाई मित्रों का फूल मालाएं पहनाकर किया सम्मान, जिससे सफाई मित्रों स्वास्थ्य कर्मचारियों का न बल्कि मनोबल बढ़ा और उनमें एक अलग उत्साह का माहौल नजर आया। जेडी श्री राय ने कहा कि इंसान को हमेशा स्वच्छता के प्रति, श्रमदान के प्रति सजग रहना चाहिए। सीएमएचओ, सिविल सर्जन ने बताया कि महिलाओं और बच्चों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग आम जनता और ग्रामीणों को हर तरह की सुविधा मुहैया करा रही है, खासकर महिलाओं, बच्चों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लाकर महिला सशक्तिकरण को बढावा दिया जा रहा है। फार्मासिस्ट डे के उपलक्ष्य में फार्मासिस्ट एसोसिएशन रायसेन की ओर से बच्चों मरीजों, उनके परिजनों को फलाहार फल बिस्कुट और स्वल्पाहार सीनियर जेडी डॉ राय, सीएमएचओ डॉ मांडरे द्वारा वितरित कर जनसेवा की।

# जीएसटी दरें कम होने से किसानों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जीएसटी की दरें कम होने पर वाहन खरीदनें वालों को सीधा लाभ मिल रहा है। नवरात्रि पर्व में किसानों द्वारा जमकर ट्रेक्टरों की खरीद एवं आम लोगों द्वारा मोटर साईकिलों, स्कूटरों की खरीदी की जा रही है। ट्रेक्टर हो या दो पहिया, चार पहिया वाहन जीएसटी के दर कम होने से 10 प्रतिशत का लाभ मिल रहा है जिससे बाजार में रोनक बढ़ गई है।

**मंत्री पटेल ने सौंपी चाबियां -**

जीएसटी उत्सव लाभ कार्यशाला में आमजन, किसानों को होने वाले लाभ की जमकर चर्चा हुई। राज्यमंत्री पटेल शिवाजी सेवा सदन भाजपा कार्यालय के सामने संचालित आयशर ट्रेक्टर शोरूम पहुंचे, जहॉ किसानों को उनके खरीदें ट्रेक्टरों की चाबियां सौंपते हुए जीएसटी दर कम होने से होने वाले हजारों रू. के लाभ की चर्चा हुई। किसानों की उपस्थिति में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी दर कम किए जाने से किसानों ने किसान हितेशी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए नरेन्द्र मोदी के जयकारे लगाये।



**राज्यमंत्री ने चलाया ट्रेक्टर**

जीएसटी दरें कम होने से धीरे-धीरे अब उपभोक्ताओं के बीच कम दरों का लाभ मिलना दिखना शुरू हो गया है।

उत्साहित राजयमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ट्रेक्टर चला कर अपनी और अन्य उपस्थित किसानों की खुशियों में भी सम्मिलित हुए किसानों ने मंत्री पटेल का आभार व्यक्त किया।

# नमो बाटिका का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

घोघरा नदी किनारे प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर को पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। नगर के ख्याति प्राप्त हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में नमों बाटिका का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने वृक्षारोपण कर किया गया। मंत्री पटेल ने विधायक निधि से 10 लाख रू. बाटिका के विकास के लिए देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष में नमों बाटिका में 75 पौधें लगाये जा रहे है।



इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी,नेपाल सिंह, मअभिषेक राजपूत, शेर सिंह चौधरी, पवन रघुवंशी, चन्द्रप्रकाश मेहरा, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, नपं. के कर्मचारियों, नागरिकों, व्यापारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

# हम सभी विश्व कल्याण के लिए कार्य और प्रार्थना करते हैं: स्वास्थय राज्यमंत्री पटेल

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुई जिला विभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के संचालित सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में जिला एवं विभाग स्तरीय खेलों के अन्तर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में रायसेन, विदिशा, भोपाल जिलों के सरस्वती शिशु मंदिरों से आए खिलाड़ी भैया बहिनों द्वारा अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर में क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं विभाग समन्वयक अंकित शुक्ला जी की अध्यक्षता में सर्व प्रथम कन्या पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत में नपं. के अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, संस्था अध्यक्ष मनोज शान्डिल्य के साथ अन्यों की उपस्थिति रही। प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी ने अतिथि परिचय कराया। हम सभी एक विश्व कल्याण की कामना - कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि हम सभी एक है, कोई किसी से छुआछूत नहीं करें, यदि कोई करता है तो सरकार सजा देगी। मंत्री पटेल ने कहा कि हम सभी विश्व कल्याण के लिए कार्य करते है, प्रार्थना करते है कि विश्व का कल्याण हों। विभाग समन्वय शारदा बिहार भोपाल के सह प्रबंधक अंकित कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्या भारती द्वारा खेलों की प्रतियोगिताए हर वर्ष आयोजित की जाती है। विभाग के विजेता खिलाड़ी आगे खेलने बेतूल जाएंगे। कार्यक्रम में हीरेन्द्र मालवीय, राधेश्याम पालीवाल, सरस्वती शिशु मंदिर से जुडे पदाधिकारियों, सदस्यों, छात्र छात्राओं, पालकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन दुबे आचार्य ने एवं सभी का आभार सचिव हीरेन्द्र मालवीय ने व्यक्त किया।



### पांच दिवसीय कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

# जीवामृत, बीजामृत, आच्छादन, व्हापसा सहयोगी फसल प्राकृतिक खेती का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा, रायसेन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक खेती विषय पर पांच दिवसीय चयनित कृषि सखी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ में डॉ. एमडी व्यास, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, आर.ए के.महाविद्यालय, सीहोर, के मुख्य आतिथ्य में किया।

कार्यक्रम में सुनील कुमार सोने, सहायक संचालक कृषि, डॉ. स्वप्निल दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा वैज्ञानिक डॉ. मुकुल कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी,आलोक कुमार सूर्यवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन कर किया गया।




किसानों को सम्बोधित करते हुए डॉ. एम.डी. व्यास ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक हो गया है। क्योंकि इस समय में सब्जियों, फलों, खाद्यान्न फसलों व दलहनी फसलों पर अंधाधुंध मात्रा में रासायनिक खाद, खरपतवारनाशक व कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे मानव व मृदा स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मनुष्यों में गम्भीर बीमारी व मृदा, जल व वायु भी प्रदूषित हो रही है। इसलिए चयनित कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती क्या है, कैसे करें, क्यों करें एवं उससे क्या लाभ हैं आदि विषय पर जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जा रहा है।सहायक संचालक कृषि, सुनील कुमार सोने ने कहा कि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए जिले में सभी विकास खंडों से 25 क्लस्टर का निर्माण कर 50 कृषि सखियों को चयनित कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आगामी समय में पंजीकृत कृषकों को विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षित किया जायेगा।चर्चा के दौरान डॉ. दुबे ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा प्राकृतिक खेती को मिशन के रूप में शुरू किया गया। हमार कृषि


### नवरात्रि पर रेंज मोहल्ला से टेकरी धाम तक गूंज रहे माता के जयकार

# भक्ति में डूबा आंचल: चार धाम, चार शक्ति पीठ और असीम श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सिलवानी अंचल के मुआर गांव में इस नवरात्रि एक अद्भुत और अलौकिक दृश्य देखने को मिल रहा है। गांव के चार प्रमुख स्थानों पर मां दुर्गा और मां काली की भव्य प्रतिमाएं विराजमान हैं, और चारों ओर भक्ति का ऐसा माहौल है जैसे पूरे गांव में देवी शक्ति स्वयं विराजमान हो। गांव के रेंज मोहल्ला, धमनी चौक, श्री हनुमान मंदिर और विशेष रूप से टेकरी धाम मंदिर में माँ दुर्गा की दिव्य उपस्थिति से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया है। यहां श्रद्धा, संस्कृति और सामूहिक आस्था का संगम देखने को मिल रहा है।

चारों पूजा स्थलों पर स्थानीय समितियों द्वारा की गई सजावटए रंग-बिरंगी लाइटिंग, धार्मिक ध्वनि और कलात्मक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है। रेंज मोहल्ला और धमनी चौक की झांकियां ग्रामीण लोककला और नवाचार का उदाहरण हैं। गांव की गलियों से लेकर मंदिर परिसर तक मां के जयकारों से वातावरण गुंजायमान है।



चारों समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा है। भीड़ नियंत्रण, प्रवेश निकास पेयजल, साउंड सिस्टम, रोशनी और सफाई के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। गांव के बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्गदर्शन और सहायता केंद्र भी बनाए गए हैं, जिससे वे आसानी से दर्शन कर सकें।

#### 90 साल पुराना टेकरी धाम बना आस्था का केंद्र

*मुआर का टेकरी धाम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि गांव की आत्मा माना जाता है। लगभग 90 वर्षों पुराना यह मंदिर वर्षों से ग्रामवासियों की आस्था का स्थायी केंद्र रहा है। नवरात्रि में यहां मां काली की भव्य झांकी सजाई जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दराज़ के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां साल भर तीनों नवरात्रियों में विशेष पूजा, हवन, पाठ और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समिति के सदस्यों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा, दीप आराधना, कन्या पूजन जैसे आयोजनों की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।*

#### शनिवार को महाआरती और 56 भोग का आयोजन

मां काली समिति के प्रमुख पटेल सिद्धार्थ रघुवंशी ने बताया कि शनिवार को एक विशाल और दिव्य महाआरती का आयोजन होगा। इस अवसर पर मां दुर्गा और मां काली को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे, जिसमें स्थानीय व्यंजन, मिठाइयां, फल और सूखे मेवे शामिल होंगे। इस अवसर पर भजन संध्या, कन्या पूजन, दीप सज्जा और पुष्प वर्षा,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देवी जागरण जैसे कार्यक्रम संपन्न किएजाएगें।

#### जहां आस्था है, वहां रास्ता है

मुआर गांव के युवा समाजसेवी मयंक पटेल ने बताया कि नवरात्रि केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समूहिक चेतना, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जीवंतता का प्रतीक बन चुकी है। यहां की नवरात्रि दिखाती है कि छोटे गांव भी बड़े आयोजन कर सकते हैं, बशर्ते साथ हो श्रद्धा, समर्पण और सामूहिक सहभागिता का।

# चिड़िया टोल वन परिसर में वन कर्मियों ने लगाई झाड़ू, परिसर हुआ साफ सुथरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला वनमण्डलाधिकारी कार्यालय चिड़यि टोल वन प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रतिभा शुक्ला तथा वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कार्यालय प्रांगण में साफ-सफाई की गई।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के साथ ही जिले में शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अभियान में सामूहिक भागीदारी से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी के साथ महिला सशक्तिकरण सहित अन्य गतिविधियां भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही हैं। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स और स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं, किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है।



पोषण माह के तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण व्यंजन प्रदर्शनी, पोषण मटका प्रदर्शनी सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। स्वक्षता पखवाड़े के तहत वन विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा हाथो में झाड़ू थामकर पूरे वन परिशर की साफ सफाई की एवं वहीं कचरे को एकत्रित करके तगाडियों में भर कर दूसरी जगह भिजवाया जिससे समूचा परिसर चकाचक हो गया। अभियान में एसडीओ सुधीर पटले, रेंजर प्रवेश पाटीदार,कपिल तिवारी, स्टेनो जितेंद्र राजावत आदि ने झाडू लगाकर वन परिसर को साफ सुथरा बनाया।